# मामूली विवाद से थमी छावनी अनाज मंडी, सचिव के पत्र से बढ़ा बवाल

- 2 घंटे के सांकेतिक बंद की घोषणा पर सचिव ने जारी किया अनिश्चितकालीन बंद का आदेश
- हम्मालों के लाइसेंस निरस्ती की चेतावनी से बढ़ा आक्रोश



नवभारत न्यूज

**इंदौर.** छावनी अनाज मंडी में हम्माल संघ के अध्यक्ष और मंडी समिति के सह सचिव के बीच हुआ मामूली विवाद तूल पकड़ता जा रहा है, इसमें मंडी सचिव द्वारा जारी किया गया अधिकारिक पत्र आग में घी का काम कर रहा है. विरोध स्वरूप मजदूर संघ ने 2 घंटे मंडी बंद रखने की बात कही थी जबकि मंडी सचिव ने मंडी को अनिश्चितकालीन बंद रखने का आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है, अब व्यापारी एसोसिएशन दोनों के बीच समझौता करने का प्रयास कर रहा है.

छावनी अनाज मंडी में वर्षों से एक प्लॉट खाली पड़ा है, जहां लोग कूड़ा कचरा डालते थे. इस प्लॉट पर मंडी समिति ने जाली लगवा दी है, इस संबंध में जब हम्माल संघ अध्यक्ष ने मंडी के सह सचिव से चर्चा की, इस पर सह सचिव ने कथित रूप से हम्माल संघ के अध्यक्ष के साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया इससे आहत मजदूर संघ ने शनिवार को 2 घंटे मंडी बंद रखने का आह्वान किया था. इसी के तहत उन्होंने धरना देते हुए मंडी समिति के खिलाफ प्रदर्शन किया. हम्माल संघ के अध्यक्ष राजू प्रजापति के अनुसार वर्षों से खाली पड़े प्लॉट पर कब्जे की आशंका है इसीलिए हमने सवाल उठाया था लेकिन अधिकारी ने अभद्रता की जिसके बाद हमारे साथी आक्रोशित है हमने सिर्फ 2 घंटे सांकेतिक मंडी बंद करने की बात कही थी.

**हठधर्मिता का आरोप**-हम्माल संघ अध्यक्ष राजू प्रजापति ने मंडी सचिव ओम प्रकाश भिड़े पर हठधर्मिता का आरोप लगाया है. राजू प्रजापति के मुताबिक सचिव ने अनिश्चितकाल के लिए मंडी बंद करने का आधिकारिक पत्र जारी किया है जिसमें उन्होंने मंडी में कार्य कर रहे हम्मालों के लाइसेंस निरस्त करने की भी बात कही है.

## हम्माल, व्यापारी, किसान तीनों का नुकसान

व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज काला ने कहा कि इस विवाद से हम्माल, व्यापारी और किसान तीनों को नुकसान हुआ है. व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हम्माल संघ को बुलाकर उनसे चर्चा की अब सोमवार को मंडी सचिव, हम्माल संघ और व्यापारिक संगठन तीनों मिलकर इस विवाद को सुलझाने का प्रयास करेंगे. हम्माल संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार को इस बात का पटाक्षेप नहीं हुआ तो संघ आंदोलन के लिए उतरेगा और इस आंदोलन में लक्ष्मीबाई अनाज मंडी के मजदूर साथी भी साथ होंगे.

### छावनी अनाज मंडी रही बंद

हम्माल संघ ने अधिकारीयों पर लगाए आरोप कि मंडी सचिव ने मंडी को अनिश्चितकाल बंद करने का पत्र जारी किया. हम्मालों के लाइसेंस निरस्ती की भी बात कही. जब इस पूरे घटनाक्रम के लिए मंडी सचिव ओ पी खेड़े को नवभारत संवाददाता द्वारा फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया.

# इंदौर बनेगा देश का नया टेक्सटाइल एवं गारमेंट हब

- पीएम मित्रा पार्क एकीकृत टेक्सटाइल का इकोसिस्टम

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** धार का बदनावर तहसील में महत्वाकांक्षी पीएम मित्रा पार्क विकसित हैं रहा है. करीब 21 सौ एकड़ में देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल एवं गारमेंट हब विकसित किया जा रहा है, जिससे एकीकृत टेक्सटाइल का इकोसिस्टम और अधोसंरचना तैयार की जा रही है. उक्त योजना पर 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं.

धार का तेजी से विकसित हो रहा पीएम मित्र पार्क, इंदौर को देश में टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट हब के रूप में पहचान देगा. करीब 2,156 एकड़ में विकसित किए जा रहे देश के सबसे बड़े पीएम मित्रा पार्क में लगभग 2,063 करोड़ रुपए लागत से अधोसंरचना विकास किया जा रहा है. पीएम मित्र पार्क योजना में अभी तक 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं, जिनसे 46,000 से अधिक रोजगार मिलने की संभावना है. प्रथम एवं द्वितीय चरण में 1,100 एकड़ से अधिक भूमि उद्योगों को आवंटित की जा चुकी है तथा तीसरे चरण के भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी.

### विश्वस्तरीय औद्योगिक सुविधाएं विकसित की जा रहीं

परियोजना के विकास कार्यों में विद्युत वितरण लाइसेंस प्राप्त हो चुका है, जिससे उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी. साथ ही बाह्य विद्युत अधोसंरचना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पार्क में आंतरिक सड़कों, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं अन्य सिविल अधोसंरचना के निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं.पार्क में सीईटीपी, एसटीपी, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, परीक्षण प्रयोगशालाएं, इन्क्यूबेशन सेंटर, प्लग एंड प्ले शेड्स सहित सभी आवश्यक विश्वस्तरीय औद्योगिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं. पार्क राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से चार लेन सड़क द्वारा जुड़ चुका है. रेल संपर्क के लिए सर्वे अध्ययन चल रहा है. पीएम मित्रा पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों के साथ-साथ ओएफबी टेक, नॉइज़, ज़ील और अरविंद समूह की गारमेंट इकाइयां मिलकर टेक्सटाइल इकोसिस्टम का निर्माण कर रही हैं। इन इकाइयों में तैयार होने वाले परिधानों की आपूर्ति एच एंड एम, ज़ारा, एरो, यूएस पोलो सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की सप्लाई चेन से जुड़ने की संभावनाएं बताई जा रही हैं.

# निहालपुरा में फुटकर व्यापारी और रिमूवल दल आमने-सामने





- रिमूवल दस्ते की महिला अधिकारी फंसी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शनिवार को राजबाड़े के पीछे अटाला बाजार में बड़ी घटना घटित होते होते रह गई. निहालपुरा फुटकर व्यापारी और रिमूवल दस्ते के बीच झूमाझटकी हो गई. इसमें व्यापारियों ने महिला प्रभारी से भी अभद्रता की और गाली गलौज, धक्का मुक्की की गई.**

आज राजबाड़े के पीछे स्थित निहालपुरा फुटकर व्यापारी के बीच सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने रिमूवल दस्ता पहुंचा था. कार्रवाई शुरू होते हो फुटकर व्यापारी भड़क गये ओर रिमूवल सड़ते की महिला अधिकारी के साथ धक्का मुक्की कर वायर लैस सेट छीनने की कोशिश की गई. व्यापारियों ने रिमूवल दस्ते के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ जमकर अभद्रता की. इसके बाद नगर निगम रिमूवल दस्ते अधिकारी और कर्मचारी सराफा थाने पहुंचे. एसीपी विजय तिवारी ने खबर की पुष्टि की ओर नगर निगम के अधिकारियों के थाने जाने की बात कही, लेकिन रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है.



# महापौर ने नवाचार के नाम पर निगम को कलंकित किया : चौकसे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम में घोटाले पर घोटाले हो रहे है और महापौर नवाचार का नाम दे रहे है. नगर निगम को महापौर ने नवाचार के नाम पर कलंकित किया है. घोटाले करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय क्लीन चिट दे रहे है.**

यह बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पत्रकारों से कही. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने नगर निगम में नामांतरण घोटाले को लेकर आज पत्रकारों से चर्चा की. चौकसे ने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव, पीसी जैन, एस के सगर, राजस्व अधिकारी मयूर पाटिल,संजय यादव और अतीक खान शामिल है. इन सबके खिलाफ कार्रवाई कर जांच होना चाहिए. रात 10 से सुबह 3 बजे तक करोड़ों की संपत्तियों को किसी ओर के नाम बदलने का कृत्य किया है. महापौर ने नगर निगम में नवाचार करते है और घोटाले हो जाते हैं. ड्रेनेज, सड़क ओर संपत्तिकर घोटाला सामने है. चौकसे ने महापौर से इस्तीफे और निगम आयुक्त से अधिकारियों को निलंबित कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की है. जब से पुष्यमित्र भार्गव नगर निगम के महापौर बने है, निगम को कलंकित ही किया है.

**किसी पर कार्रवाई नहीं**- नेता प्रतिपक्ष सोनीला मिमरोट भाटिया ने कहा कि गंदे पानी से लोग मर जाते है, किसी पर कार्रवाई नहीं की जाती है. ड्रेनेज, सड़क और संपत्तिकर घोटाले करके जमकर भ्रष्टाचार किया.

## इंदौर ग्रीन मोबिलिटी की ओर बढ़ा

**इंदौर.** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने अब स्वच्छ परिवहन और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है. शहर के शेराटन ग्रैंड पैलेस में आयोजित मध्य भारत के सबसे बड़े ईवी एवं सस्टेनेबिलिटी इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव में उद्योग, निवेश और नवाचार से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लेकर इंदौर को इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) और ग्रीन टेक्नोलॉजी के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की. सम्मेलन में देशभर से 200 से अधिक उद्योगपति, निवेशक, वरिष्ठ अधिकारी, ईवी स्टार्टअप्स और विशेषज्ञ शामिल हुए. आयोजन का उद्देश्य टियर-2, टियर-3 और टियर-4 शहरों के नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और कॉर्पोरेट जगत से जोड़ना था, जिससे नए निवेश और साझेदारी के अवसर तैयार हो सकें. कार्यक्रम में 12 निवेशकों, 16 विशेषज्ञों और चयनित 10 स्टार्टअप्स ने अपने बिजनेस मॉडल और तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए. देशभर से करीब 2,400 स्टार्टअप्स ने आवेदन किया था, जिनमें से कई चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम 10 को लाइव पिच का अवसर मिला.

# ऊर्जस एप से 24 घंटे में 205 उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का ऊर्जस एप बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान में उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी साबित हो रहा है. मौसम खराब होने के दौरान भी एप के माध्यम से उपभोक्ता आसानी से बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत दर्ज करा रहे हैं और समय पर उसका निराकरण भी हो रहा है.

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान ऊर्जस एप के माध्यम से 205 उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतें दर्ज कराई, जिनका समय पर समाधान किया गया. इनमें सबसे अधिक 133 शिकायतें इंदौर शहर से प्राप्त हुईं. इसके अलावा देवास, उज्जैन, रतलाम, धार, खरगोन, बड़वानी, नीमच, खंडवा और झाबुआ जिले के उपभोक्ताओं ने भी ऊर्जस एप के माध्यम से शिकायतें दर्ज कराकर राहत प्राप्त की.

### एक नजर में

## प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सस्टेनेबिलिटी पर वैश्विक सम्मेलन

इंदौर. लगभग 30,000 करोड़ रुपये के वर्तमान मूल्य वाले भारत के प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस एंड एग्ज़ीबिशन ऑन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी (जीसीपीआरएस 2026) के तीसरे संस्करण का आयोजन 2 से 5 जुलाई तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा. लगभग 80 वर्षों से देशभर में कार्यरत शीर्ष उद्योग संगठन ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी को रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नीति आयोग तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त है. एआईपीएमए गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन श्री अरविंद मेहता तथा एआईपीएमए के अध्यक्ष सुनील शाह के नेतृत्व में संगठन निरंतर प्रगतिशील नीतियों, उद्योग सहयोग तथा उत्तरदायी संसाधन प्रबंधन एवं सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने वाली पहलों के माध्यम से भारत के सस्टेनेबिलिटी इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है.

## एमएसएमई ने जीएसटी सुधारों का समर्थन किया

इंदौर भारत के आर्थिक विकास, निर्यात और रोजगार को गति देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है. ऐसे में, जीएसटी को लेकर उनके दृष्टिकोण में भी बदलाव आया है, यह अनुपालन की अनिवार्यता से बढ़कर अब औपचारिकता और परिचालन दक्षता को बढ़ावा देने वाला माध्यम बन गया है. डेलॉइट इंडिया के जीएसटी-9 सर्वे : द नेक्स्ट फेज़- जीएसटी 2.0 के अनुसार, एमएसएमई अब अपनाने से आगे बढ़कर अनुकूलन की ओर देख रहे हैं. सर्वे के निष्कर्ष नकदी में सुधार और अनुपालन को सरल बनाने के उद्देश्य से किए गए सुधारों के लिए मजबूत समर्थन दर्शाते हैं. लगभग 89 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने विलंबित जीएसटी रिफंड और प्री-डिपॉजिट पर ब्याज के स्वत: भुगतान का समर्थन किया, जबकि 88 प्रतिशत ने इनवॉइस-आधारित आईटीसी पात्रता और 87 प्रतिशत ने तिमाही कर भुगतान व्यवस्था का समर्थन किया. गोकुल चौधरी, प्रेसिडेंट, टैक्स, डेलॉइट साउथ एशिया ने कहा भारत के एमएसएमई हमारे देश के कुल उत्पादन का एक-तिहाई हिस्सा तैयार करते हैं और इसके कुल निर्यात में लगभग आधा योगदान देते हैं.

## अमेज़न मप्र में लेकर आया प्राइम डे का 10वां संस्करण

इंदौर. अमेजन.इन ने घोषणा की है कि प्राइम डे 2026 का 10वां संस्करण 4 जुलाई को रात 12 बजे से 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा, जो प्राइम मेंबर्स के लिए विशेष रूप से तैयार की गई डील्स, बचत, नए लॉन्चेस और विशिष्ट मनोरंजन के 72 घंटे प्रदान करेगा. भारत में प्राइम डे के 10वें संस्करण के अवसर पर, अमेज़न नए सदस्यों को एक सीमित अवधि का एनिवर्सरी ऑफर दे रहा है. अमन दीप लोहान, डायरेक्टर, होम, किचन और आउटडोर्स, अमेज़न इंडिया ने कहा, प्राइम डे के 10वें संस्करण से पहले, हम मध्य प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में मजबूत गति देख रहे हैं, जिसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम जैसे शहर प्रमुख विकास चालकों के रूप में उभर रहे हैं. ग्राहक तेजी से ऐसे उत्पादों की तलाश कर रहे हैं जो रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाते हैं, जिसमें प्रीमियम उत्पादों, स्मार्ट अप्लायंसेज और सुविधा-आधारित समाधानों की ओर स्पष्ट झुकाव देखा जा रहा है। टू-व्हीलर्स और रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर्स से लेकर इंडक्शन कुकटॉप्स, एयर प्यूरीफायर और एर्गोनोमिक फर्नीचर तक की मांग अधिक स्मार्ट और कुशल विकल्पों की ओर बढ़ रही है.

## बादाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह

इंदौर. बादाम लंबे समय से रोजमर्रा के आहार का लोकप्रिय हिस्सा रहे हैं। इन्हें भोजन के साथ पौष्टिक रूप में खाया जाता है, नाश्ते की दिनचर्या में शामिल किया जाता है और मीठे व नमकीन दोनों तरह के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है. अपनी लोकप्रियता के बावजूद, एक धारणा बार-बार सामने आती है, खासकर गर्मियों के महीनों में- क्या बादाम खाने से शरीर में गर्मी बढ़ती है? रितिका समद्दार रीजनल हेड डायटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर-नई दिल्ली बताती हैं हम अपने दिन की शुरुआत जिस तरह करते हैं, उसका पूरे दिन शरीर के काम करने के तरीके पर गहरा प्रभाव पड़ता है. नियमितता और पौष्टिकता पर आधारित संतुलित दिनचर्या ऊर्जा स्तर, पाचन और लंबे समय तक स्वास्थ्य से जुड़े परिणामों सहित कई पहलुओं को प्रभावित कर सकती है. मैं अपने सभी मरीजों को रोजाना के आहार में पोषक तत्वों से भरपूर सुपरफूड्स को शामिल करने की सलाह देती हूं, क्योंकि यह समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के सबसे सरल तरीकों में से एक है.











